पजांब केसरी 20-03-2026

जी.एम.एन. कॉलेज के विद्यार्थियों ने जीती राष्ट्रीय काव्य पाठ प्रतियोगिता की रनरअप ट्रॉफी

» पारस भोला एवं जसमीत कौर के काव्य पाठ ने निर्णायक मंडल को किया प्रभावित

राष्ट्रीय काव्य पाठ प्रतियोगिता में रनरअप ट्रॉफी के विजेता जी.एम.एन. कॉलेज के विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 19 मार्च (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज के विद्यार्थियों ने एम.डी.एस.डी. कॉलेज में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की भाषण एवं काव्य पाठ प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर रनरअप ट्रॉफी अपने नाम की। कॉलेज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों पारस भोला एवं जसमीत कौर ने अपने प्रभावशाली काव्य पाठ से निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। उनकी प्रस्तुति में भाषा की सशक्तता, भावों की गहराई एवं अभिव्यक्ति की उत्कृष्टता का अद्भुत समन्वय देखने को मिला, जिसे उपस्थित सभी दर्शकों एवं निर्णायकों ने सराहा। उनकी इस उपलब्धि ने न केवल कॉलेज का गौरव बढ़ाया, बल्कि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत प्रस्तुत किया।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने विद्यार्थियों की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण एवं शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की उपलब्धियां संस्थान की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक उत्कृष्टता को प्रदर्शित करती हैं तथा अन्य विद्यार्थियों को भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं।

इस अवसर पर कार्यक्रम की प्रभारी डॉ. रितु गुप्ता, डॉ. मंजीत कौर एवं डॉ. राजेंद्र देसवाल ने भी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि पारस भोला और जसमीत कौर ने अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास एवं मंच प्रस्तुति से यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, अभिव्यक्ति कौशल एवं आत्मविश्वास को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।